तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 27 .6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जुलाई 2024

12 समाधान शिविर में समस्याओं का किया जा रहा....



12 अन्नपूर्णा दिवस पर भोजन सेवा से हुई ....



## खबर संक्षेप

### कुवि की प्रो. अनिता बनी यूजीसी समन्वयक

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार जूलोजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. अनिता भटनागर को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक यूजीसी समन्वयक का कार्यभार सौंपा गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी।

### लड़की हुई लापता केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी से 15 साल की नाबालिग लड़की मूल निवासी जुमई, बिहार संदिग्ध परिस्थितियों में एक जुलाई की सुबह अपने घर से लापता हो गई। परिजनों ने लडकी की हर संभव स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं लडकी के भाई की शिकायत पर चांदनीबाग थाना पुलिस ने लडकी की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात युवकों ने 26 हजार की नकदी निकाल ली

समालखा। समालखा की शरबती देवी निवासी पडाव मोहल्ला के थैले से दो अज्ञात युवकों ने 26 हजार रूपये की नगदी निकाल ली। शरबती देवी अपनी पुत्र अनु के साथ बैंक से 27 जून को रूपये निकाल कर घर आ रही थी। थाना समालखा पुलिस ने शरबती देवी की शिकायत पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार ने बच्चे का अपहरण किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना की जीतराम कालोनी निवासी आठ वर्षीय रितेश का सोमवार को मीनाक्षी गार्डन के पास एक बाइक सवार ने दिनदहाड़े अपहरण कर लिया। रितेश अपहरणकर्ता को रोकता भी रहा, वहीं, अपहरणकर्ता ने बाइक की गति तेज कर दी। रास्ते में इसराना थाना आया, तो वहां आरोपी ने बाइक को धीमा किया तो रितेश बाइक से कूद गया। इस घटना में रितेश सडक पर गिर कर घायल भी हुआ। इधर, यह घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई। रितेश की मां सुनीता की शिकायत पर इसराना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने कुवि में की एक विद्यार्थी एक वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत

## वृक्षारोपण पारिस्थितिकी तंत्र के सामंजस्य के लिए जरूरी: नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पौधरोपण करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में एक विद्यार्थी एक वृक्ष रोपण अभियान की वृक्ष लगाकर शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि कुवि की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने एक विद्यार्थी एक वृक्ष रोपण अभियान को मंजूरी प्रदान की थी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सम्बन्धित महाविद्यालयों के छात्रों एवं परिसर में पढ़ने वाले छात्रों को वृक्षारोपण के साथ डिग्री प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विवि ने डिग्री के साथ वृक्षारोपण के अभियान को जोड़कर जो नीति बनाई है आने वाले दिनों में पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से ऐतिहासिक कदम है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय आगामी पांच जुलाई को एक ही दिन में तीन हजार वृक्षारोपण कर पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा एवं राज्य मंत्री विकास एवं पंचायत विभाग महिपाल ढांडा, जनस्वास्थ्य एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बनवारी लाल, जींद के विधायक कृष्ण लाल मिड्ढा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अमित अग्रवाल, धुम्मन सिंह किरमिच, धर्मवीर मिजार्पुर, कुरुक्षेत्र उपायुक्त शांतनु शर्मा, एडीसी वैशाली शर्मा, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. अनिल वशिष्ठ, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. एसके चहल, प्रो. रामविरंजन, प्रो. कुसुमलता, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. शुचिस्मिता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

■ कुवि 5 जुलाई से तीन हजार वृक्षारोपण कर पर्यावरण का करेगा संरक्षण

### बढ़ते प्रदूषण की वजह से वृक्षारोपण जरूरी: सुधा

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से वृक्षारोपण की आवश्यकता इन दिनों अधिक हो गई है। वृक्षारोपण से तात्पर्य वृक्षों के विकास के लिए पौधों को लगाना और हरियाली को फैलाना है। पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को संरक्षित करते हैं, जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं, मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते हैं और कई अन्य तरीकों से समग्र पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं।

# एसआईटी ने करोड़ों की हेराफेरी करने वाले आरोपी को किया काबू

## फर्जी ई रवाना जारी कर अवैध खनन करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम ने फर्जी ई रवाना जारी कर अवैध खनन करके करोड़ों की हेराफेरी करने के आरोपी ताजेवाला निवासी सन्नवर को देर शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बेलगढ़ में दो स्क्रीनिंग प्लांट हैं। जिसके जरिए आरोपी ने अवैध खनन करके करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है। टीम ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार सरकार ने अवैध खनन रोकने के लिए 25 दिसंबर 2023 को एचएमजीआइएस लागू किया था। इस पोर्टल पर खनन की खरीद व बिक्री से संबंधित जानकारी दर्ज करना होता है। इसके बाद ही परमिट जारी किया जा सकता है। 27 फरवरी को खनन विभाग की जांच में सामने आया कि इस पोर्टल पर गांव धनौरा स्थित केसीसी बिल्डकोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और एसआर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने फर्जी परमिट रजिस्टर कर दिए गए। कार्यालय से पोर्टल पर कोई भी परमिट जारी नहीं किया गया। इसके बाद तत्कालीन खनन अधिकारी ओमदत्त शर्मा ने बिलासपुर थाना में शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने पांच मार्च को केस दर्ज किया था।

■ टीम ने आरोपी को अदातल में किया पेश, तीन दिन के रिमांड पर लिया

### दो करोड़ की अवैध रूप से बेची गई खनन सामग्री

इस केस की जांच के लिए एसआइटी गठित की गई। एसआइटी ने इस केस में खनन विभाग मुख्यालय के कंप्यूटर आपरेटर पंचकूला के सेक्टर 15 निवासी राज यादव, सेक्टर 31 निवासी अनूप कुमार व भिवानी के गांव नवा निवासी नवीन कुमार सहित दो स्क्रीनिंग प्लांट संचालक व उनके कर्मियों सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फर्जी कंपनियां रजिस्टर्ड करा ई रवाना बेचे थे। जिसके जरिए करीब दो करोड़ रुपये कीमत की 70 हजार मीट्रिक टन खनिज सामग्री बेची गई। यह ई रवाना अलग-अलग प्लांट संचालकों को बेचे गए हैं। इस केस में आरोपी सन्नवर के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। आरोपी दो माह से फरार चल रहा था।

# संयुक्त संघर्ष पार्टी लड़ेगी विस चुनाव: चढ़ूनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते गुरनाम सिंह चढ़ूनी। फोटो : हरिभूमि

संयुक्त संघर्ष पार्टी की बैठक जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि बैठक में मौजूद राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से विचार विमर्श करके संयुक्त संघर्ष पार्टी बनाई है। पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। यह चुनाव नहीं एक धर्म युद्ध है क्योंकि देश की राजनीति ने देश को बर्बाद कर दिया है। जिस देश को शहीदियां देकर आजाद करवाया था, उसे आज पूंजीपतियों ने संभाल लिया है। पूंजीपति आम जनता का खून निचोड़ रहे हैं। देश के 9 लोगों के पास 50 करोड लोगों के बराबर की पूंजी हो गई है। देश में बेरोजगारी होने के कारण हमारी अगली पीढ़ियों ने विदेशों में शरण ले ली है। इस देश को बचाना देश के नागरिकों का धर्म है। इसलिए हमने यह धर्म युद्ध शुरू किया। इस राजनीति को शुद्ध करने की जरूरत है। 3 जुलाई को श्रीहरि मंदिर साहिब अमृतसर में माथा टेकने के बाद अगली रणनीति बनाई जाएगी। पार्टी का चुनाव चिन्ह ऑटो रहेगा। भाकियू चढ़ूनी ग्रुप संयुक्त संघर्ष पार्टी के किसान सेल के रूप में कार्य करेगा। पार्टी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए एक कमेटी बना दी गई है।

■ संयुक्त संघर्ष पार्टी का किया गठन

# रेलमार्ग बाधित होने के कारण ट्रेनें हुई लेट

## सुबह डयूटी पर जाने वाले दैनिक यात्रियों को बसों की तरफ रूख करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। फोटो : हरिभूमि

तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास चलती मालगाड़ी का एक्सल टूट जाने के कारण मालगाड़ी से करीब दस कंटेनर ट्रैक पर गिर गए। यह हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। हादसे के बाद कई घंटों तक रेल यातायात बाधित रहा। दिल्ली से अंबाला जाने वाली व अंबाला से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को रास्ते में ही रोक दिया गया। कई ट्रेनों के रूट डायर्वट कर गंतव्य की ओर भेजा गया और दिल्ली से चलने वाली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस व पठानकोट एक्सप्रेस को कैंसिल कर दिया गया। इस कारण कुरुक्षेत्र जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्रियों को खासी परेशानी हुई।

सुबह डयूटी पर जाने वाले दैनिक यात्रियों को ट्रेन लेट होने के कारण बसों की तरफ रूख करना पड़ा। वही जो ट्रेनें कैंसिल हुई उन ट्रेनों में कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से रिजर्वेशन करवाने वाले यात्रियों में मायूसी देखी गई। उधर रेल हादसे के करीब सात घंटे बाद विभाग ने दिल्ली-अंबाला रूट को ठीक कर बहाल कर दिया। जिसके बाद दिल्ली से अंबाला जाने वाली ट्रेनों का संचालन हुआ।

■ जो ट्रेनें कैंसिल हुई उन ट्रेनों में कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से रिजर्वेशन करवाने वाले यात्रियों में मायूसी देखी गई

# विदेश भेजने के नाम पर युवती से ठगे एक लाख 20 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जगाधरी के हुंडेवाला रूप नगर निवासी अंशु से विदेश भेजने के नाम पर एक लाख 20 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप गांव रायपुर निवासी ओमकार दत्त, हुडा सेक्टर-17 निवासी आशु भास्कर व रूप नगर कॉलोनी निवासी रजनी पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बी कॉम की हुई है। वह हुडा सेक्टर-17 स्थित ईगल फाइनेंस कंपनी में अकाउंटेंट का काम करती है। वह अच्छे रोजगार के लिए विदेश जाना चाहती थी। इसलिए उसने पहले से ही पासपोर्ट बनवाया हुआ था। इस दौरान उसकी मुलाकात पड़ोस में रहने वाली रजनी के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि रायपुर निवासी ओमकार दत्त व हुडा सेक्टर-17 निवासी आशु भास्कर ने चंडीगढ़ में एक्सीलेंट वीजा सॉल्यूसन के नाम से कार्यालय बनाया हुआ है। आरोपी युवकों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी विदेश भेज देंगे। जहां जाकर वह अच्छा रोजगार कर सकती है। आरोपी रजनी ने उसे दोनों आरोपियों से मिलवाया। इस दौरान आरोपियों ने उससे युरोप के माल्टा में भेजने के नाम पर उसके दस्तावेज व एक लाख 20 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने संताषजनक जवाब नहीं दिया।

■ पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

# टैंकर की चपेट में आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र-पिहोवा मार्ग पर इंदिरा कॉलोनी के समीप एक टैंकर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान करीब 37 वर्षीय सीमा देवी निवासी इंद्रा आवास कॉलोनी गांव ज्योतिसर के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में अवतार राम ने बताया कि वह दाहिनी बाजु और दाहिनी टांग व थोड़ा जुबान से अपाहिज है। साइकिल रिक्शा चलाकर अपने बच्चों का पालन पोषण करता हूं। वह और उसकी पत्नी सीमा देवी खेत में जीरी लगाने के लिए नजदीक इन्द्रा कॉलोनी गई हुई थी। सीमा देवी ने पशुओ के लिये घास काटी हुई थी। वह अपनी साइकिल रिक्शा में घास लेकर पिहोवा की तरफ से अपने घर इन्द्रा कालोनी आने के लिए सड़क पर चल रहा था। सीमा देवी पैदल आगे चल रही थी। इन्द्रा कलोनी से थोड़ा पहले सड़क पर पहुंचे तो पीछे पिहोवा की तरफ से एक तेल टैंकर का चालक ने सीधी टक्कर उसकी पत्नी सीमा देवी में मारी। तेल टैंकर का टायर सीमा देवी के सिर के दाहिनी तरफ उपर से गुजर गया। तेल टैंकर चालक अपने तेल टैंकर को मौके पर छोड़ कर भाग गया।

# बापौली पुलिस के खिलाफ बिजली कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा



पानीपत के बापौली में बिजली कर्मचारी कर्मचारी धरना-प्रदर्शन करते हुए।

बिजली निगम की टीम के साथ मारपीट करने के आरोपियों की पुलिस के साथ कथित मिली भगत के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को बापौली कार्यालय के प्रांगण में धरना देकर प्रदर्शन किया। वहीं आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी गई कि अगर शीघ्र ही थाना प्रभारी ने इस मामले में उचित धाराएं नहीं लगाई तो वे आंदोलन और तेज कर देंगे। धरने पर बैठे बिजली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बिजली विभाग की तालमेल कमेटी के कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बापौली थाना प्रभारी की विभाग के कर्मचारियों से की गई मारपीट के मामले में धाराओं में दी गई ढील अनुचित है। जिसकी वह कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की टीम गत 25 जुलाई को गांव भलौर में छापामारी करने गई थी। जिसके साथ वहां कुछ ग्रामीणों ने मारपीट की थी। जिसकी शिकायत थाना बापौली पुलिस को दी गई थी। इस मामले में थाना प्रभारी ने आरोपियों से मिली भगत करके इस मामले में बनने वाली धाराएं नहीं लगा कर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया है।

■ बिजली विभाग की टीम के साथ गांव भलौर के कुछ ग्रामीणों ने की थी मारपीट

## निरीक्षण

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने एमडीडी बाल भवन अनाथालय का किया निरीक्षण

# वंचित अनाथ बच्चों के जीवन में निखार लाना अनाथालय का लक्ष्य : सेशन जज

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बच्चों की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर एमडीडी बाल भवन करनाल का औचक निरीक्षण करने के उपरांत बच्चों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन चंद्रशेखर ने कहा कि वंचित अनाथ बच्चों के जीवन में निखार लाना अनाथालय का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों को नियमानुसार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। इसके साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर गत दिवस एमडीडी बाल भवन करनाल का औचक निरीक्षण करने के उपरांत बच्चों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर, सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ सविता कुमारी मुख्य दंडाधिकारी सुधीर कुमार ने फूसगढ़ रोड पर स्थित एमडीडी बाल भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को संस्थान की तरफ से उपलब्ध करवाई जा रही तमाम सुविधाओं के बारे में संस्थान के अधिकारी एवं संरक्षक पीआर नाथ से फीडबैक ली और बच्चों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।

### पुस्तकालय और कक्षाओं का अवलोकन

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने कहा कि समाज के जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया है और जो माता-पिता अपने बच्चों का पालन-पोषण करने में सक्षम नहीं है। उन बच्चों की देखभाल एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर संस्थान द्वारा की जा रही है। इस संस्थान में जो लड़कियां रह रही है वे सभी विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा ग्रहण कर रही है। इसके अलावा संस्थान की तरफ से बच्चों को एक अच्छा माहौल देने के साथ-साथ तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बच्चों का व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साक्षात्कार किया गया और उनसे उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा कुछ बच्चों से कविताएं सुनकर उनका मनोबल भी बढ़ाया गया एवं उनको प्रेरणा भी दी गई और उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा बच्चों को नियमानुसार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके बाद सेशन जज ने संस्थान के पुस्तकालय और अन्य कक्षाओं का अवलोकन भी किया।

**MAHARANA PRATAP PUBLIC SCHOOL**
(Affiliated To CBSE, Regd. No. 530218, School No. 40203)
SECTOR-7, URBAN ESTATE, KURUKSHETRA-136118
Email id:- maharanapratapschool@yahoo.co.in, Ph. : 8059700244

**TEACHERS REQUIRED**

*Maharana Pratap Public School, Sector-7, Kurukshetra, requires trained (with B.Ed.-completed) graduates and post-graduates with good communication skills, basic computer knowledge and relevant experience for the following posts :*

1. TGT-Science (Non-Medical), History.
2. PGT-English, Mathematics, Biology, Chemistry, Political Science.

*Nature of appointment: Ad-hoc (for the academic session 2024-25)

How to apply:
- Only online applications will be considered.
- Link for online application: https://rb.gy/5ockr7
Or
- Scan QR for online application.
- Last date to apply: July 10, 2024.

MAHARANA PRATAP PUBLIC SCHOOL KURUKSHETRA

**खबर संक्षेप**

### मत्स्य योजनाओं में मिलेगा अनुदान

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना कमेटी के सदस्यों की जिलास्तरीय बैठक विभागीय कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जिला यमुनानगर के लिए 212.20 लाख के प्रोजेक्ट पारित किए। जिसमें जिला के मत्स्य किसानों को लाभ मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता जिला मत्स्य अधिकारी अजय सिन्हा ने की। जिला मत्स्य अधिकारी अजय सिन्हा ने बैठक में सर्वप्रथम नीली क्रान्ति के तहत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 तक हुई प्रगति बारे जानकारी दी।

### मॉडल कॉलोनी में युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**यमुनानगर।** शहर की मॉडल कॉलोनी में 19 वर्षीय युवती ने मानसिक परेशानी के चलते अपने कमरे में फांसी लेकर आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव महमदपुर निवासी रामअवतार ने बताया कि उसकी बेटी पिछले काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी। सोमवार रात को उसकी बेटी खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चली गई थी। सुबह उसका शव फंदे से लटका हुआ था।

### बाइक सवार ने छीने 10 हजार रुपये व मोबाइल

**यमुनानगर।** बाइक सवार युवकों ने पांसरा फाटक के पास एक व्यक्ति से 10 हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सभापुर निवासी हुजिर अली ने पुलिस को दी

### आइसक्रीम बेचने वाले व्यक्ति से छीने 48 सौ

**यमुनानगर।** खारवन रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने आइसक्रीम बेचने वाले व्यक्ति से हथियार दिखाकर 48 सौ रुपये छीन लिए। चनेटी निवासी जगननाथ ने बताया कि वह मंगलवार को खारवन रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने उससे आइसक्रीम खरीदी। आरोपियों ने आइसक्रीम के पैसे भी उसे दे दिए। इसके बाद एक आरोपी ने उसे पीछे से पकड़ लिया और अन्य दोनों युवकों ने उसे तेजधार हथियार का डर दिखाकर उसकी जेब से 48 सौ रुपये छीन लिए।

## ट्विन सिटी में युद्धस्तर पर चलाया जा रहा सफाई अभियान

# नालों की सफाई में नहीं रहने दी जाएगी कोई कमी: मेहरा



*निगम की संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने नालों की सफाई का किया निरीक्षण, मौके पर कराई सफाई, संयुक्त निगम आयुक्त ने वार्ड 8 व 13 के विभिन्न नालों का लिया जायजा*

**यमुनानगर।** वार्ड नंबर आठ में नालों का निरीक्षण करती संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बारिश में शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नालों की सफाई का कार्य जोरों पर है। मंगलवार को संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने वार्ड नंबर आठ व 13 के विभिन्न नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नालों की सफाई कर पूरी गंदगी निकालने और उसका समय पर उठान करने के निर्देश दिए। संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई सुनील दत्त, एसआई प्रदीप दहिया, एसआई बिट्टू, एसआई सुशील, एएसआई सतबीर व अन्य अधिकारियों के साथ सबसे पहले वार्ड नंबर आठ में पहुंची। यहां उन्होंने जगाधरी से निकल कर आ रहे बड़े नाले की सफाई का जायजा लिया। पहले उन्होंने प्रोफेसर कॉलोनी में नाले का निरीक्षण किया, इसके बाद वे मॉडल टाउन में वेयर हाउस के नजदीक पहुंची। उन्होंने ठेकेदार व सफाई निरीक्षकों को नालों की गहनता से सफाई कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने नालों से पूरी गाद व गंदगी को निकालने के निर्देश दिए। वेयर हाउस के नजदीक नाले व सड़क निर्माण के बाद पड़ी सीएंडडी वेस्ट को भी उठाने के इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने लाजपत नगर व वार्ड 13 के पुराना हमीदा व जम्मू कॉलोनी में नालों की सफाई देखी। हालांकि कुछ स्थानों पर गंदगी मिली। जिसकी उन्होंने मौके पर कर्मचारी बुलाकर सफाई कराई। उन्होंने सफाई कार्य में जुटे सभी कर्मियों को नालों की अच्छी ढंग से सफाई करने, पूरी गाद को निकालकर उसका समय पर उठान कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी सफाई अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नालों में जहां गंदगी जमा है, उसे प्राथमिकता से साफ किया जाए। नालों से निकली गाद व गंदगी का तुरंत उठान किया जाए।

### शहीद असीत भट्टाचार्य का श्रद्धापूर्वक मनाया बलिदान दिवस

- राादौर पार्क एसोसिएशन ने कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर किया शहीद को याद
- एसोसिएशन के सदस्यों ने शहीद असीत भट्टाचार्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**रादौर।** रादौर पार्क एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद असीत भट्टाचार्य का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने शहीद असीत भट्टाचार्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। एसोसिएशन के प्रधान देवीदयाल अरोड़ा ने बताया कि अंग्रेजों ने परमवीर बलिदानी असीत भट्टाचार्य को शस्त्र खरीदने, 13 मार्च 1933 को हबीबगंज में हुई डाक डकैती तथा हत्या के अन्य मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अंग्रेजो ने परमवीर बलिदानी असीत भट्टाचार्य को 2 जुलाई 1934 को सिलहट जेल में फांसी दी गई। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे वीरों को कभी नहीं भूलना चाहिए। ऐसे बलिदान हुए वीरों को याद रखना चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ियों को इन वीरों की शहादतों से प्रेरणा मिल सके। हिंदुस्तान का हर इंसान अंग्रेजी हुकूमत की ज्यादतियों से परेशान हो चुका था। अंग्रेज हमारी संस्कृति, सोच, विचारों और आजादी के दुश्मन हो चुके थे। हालात ऐसे हो चुके थे जिसमें विद्रोह होना जरूरी था। मौके पर सदस्यों ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



**यमुनानगर।** लघु सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए एडीसी आयुष सिन्हा। *फोटो : हरिभूमि*

# शिकायतकर्ताओं ने शिविर में रखी 114 शिकायतें

- शिविर में शिकायतों का हुआ समाधान, नागरिकों ने प्रशासन का जताया आभार
- जिला सचिवालय में आयोजित हुआ जिलास्तरीय समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में मंगलवार को आयोजित किए गए जिलास्तरीय समाधान शिविर में शिकायतकर्ताओं ने 114 शिकायतें रखी। जिनका मौके पर मौजूद अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने समाधान कर दिया। समस्याओं का समाधान होने पर नागरिकों ने जिला प्रशासन का आभार जताया। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी व सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी गई और उनका मौके पर ही समाधान किया गया। इसी कड़ी में सरोज निवासी खारवन व अनिल कुमार निवासी लौहारन गली का परिवार पहचान पत्र ठीक किया गया है। नंदनी यमुनानगर निवासी का मौके पर ही पीला राशन कार्ड बनाया गया व विजय कॉलोनी चांदपुर निवासी वहीदा की मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। वहीं, बाढी माजरा निवासी सोमनाथ व कैम्प निवासी आदित्य का आधार कार्ड अपडेट किया गया। रोड़ छप्पर निवासी सविता का बीएआरण अम्बेडकर आवास योजना के तहत मकान रिपेयर कराने के लिए 80 हजार रुपये की ग्रांट दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने समाधान शिविर में आई पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का मौके पर संबन्धित थाना प्रभारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम जगाधरी सोनू राम, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल, एसई नगरनिगम हेमंत कुमार, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य राकेश त्यागी व जगदीश बब्बर आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय खेल पत्रकारिता दिवस मनाया

- विश्व भर में आदिकाल से रहा है खेलों का प्रचलन :रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** कार्यक्रम के बाद जानकारी देते स्कूल के प्रिंसिपल रमन शर्मा।

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय खेल पत्रकारिता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल रमन शर्मा ने की। स्कूल के प्राचार्य रमन शर्मा ने बताया कि विश्व के विभिन्न देशों में प्रत्येक वर्ष को 2 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय खेल पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन खेल जगत की खबरें देने वाली मीडिया के श्रेष्ठ कार्योर् को सम्मानित करने का दिन होता है। पत्रकारिता आधुनिक सभ्यता का एक प्रमुख व्यवसाय है। वहीं, खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि वह अच्छे स्वास्थ्य, शारीरिक दमखम और बौद्धिक क्षमता का भी प्रतीक हैं। यही कारण है कि पूरी दुनिया में आदिकाल से खेलों का प्रचलन रहा है। मल्लयुद्ध, तीरंदाजी, घुड़सवारी, तैराकी, गुल्ली डंडा, पोलो रस्साकशी, मलखंभ, वॉल गेम्स जैसे आउटडोर या मैदानी खेलों के अलावा चौपड़, चौसर या शतरंज जैसे इन्डोर खेल प्राचीनकाल से ही लोकप्रिय रहे हैं। आधुनिक काल में इन पुराने खेलों के अलावा इनसे मिलते जुलते खेलों तथा अन्य आधुनिक स्पर्धात्मक खेलों ने पूरी दुनिया में अपना वर्चस्व कायम कर रखा है। उन्होंने बताया कि खेल आधुनिक हों या प्राचीन खेलों में होनेवाले अद्भूत कारनामों को जगजाहिर करने तथा उसका व्यापक प्रचार प्रसार करने में खेल पत्रकारिता का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

आज पूरी दुनिया में खेल यदि लोकप्रियता के शिखर पर हैं तो उसका काफी कुछ श्रेय खेल पत्रकारिता को भी है। खेल मानव व्यायामी प्रतियोगिता के कई पहलुओं को सम्मिलित करता है। पता चलता हैए खेल विषयों और घटनाओं पर पत्रकारिता की रिपोर्ट और यह किसी भी समाचार मीडिया संगठन का एक अनिवार्य तत्व है।

# विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं: घनश्याम

- सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शहर की शहीद भगत सिंह चौक से खालसा कॉलेज सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लंबे अर्से से लोगों द्वारा शहीद भगत सिंह चौक से खालसा कॉलेज तक बनाए जाने वाली सड़क की मांग को मंगलवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने पूरा कर दिया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। सड़क के निर्माण पर 51 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वह यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह चौंक से खालसा कॉलेज रोड जाने वाले सड़क को आरसीसी की बनाया जाएगा।



**यमुनानगर।** सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

**यमुनानगर में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे**

मौके पर पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा यमुनानगर में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। यह सिलसिला ऐसे ही जारी रहेगा। लोगों को आधारभूत मूलभूत सुविधाएं भाजपा सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू, पूर्व पार्षद प्रिंस, सतपाल, पूर्व पार्षद शिवराम, भाजपा नेत्री संगीता सिंघल, शुभम गौरी,नीतीश ढुआ, रोहित व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक: कैप्टन

- 1.80 लाख से कम आय वाले परिवार ले सकते हैं योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ पात्र नागरिकों को उठाना चाहिए। इस योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उक्त जानकारी मंगलवार को उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 1.80 हजार की वार्षिक आए वाले नागरिकों के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरु की है। इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाने का खर्च एक लाख 10 हजार रुपये है। जिसके लिए 60 हजार रुपये की राशि केंद्र सरकार द्वारा और 50 हजार रुपये की राशि हरियाणा सरकार द्वारा दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी। उस बिजली को भी सरकार खरीदेगी। जिससे उनकी अतिरिक्त आय होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब परिवारों का ऊर्जा खर्च लगभग शून्य हो जाएगा। अगर खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन सोलर पैनल द्वारा किया जाता है तो वह बिजली के खाते में जाएगा। जिसका भुगतान सरकार द्वारा उक्त मकान मालिक को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के सशक्तिकरण में लाभकारी होगी। योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। इस योजना से सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम होगा और स्वच्छ ऊर्जा के स्त्रोतों को अपनाने में मदद मिलेगी।

# विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरौड़ी के विद्यार्थियों ने चलाया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरौड़ी में पौधारोपण करते बच्चे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में मंगलवार को इको क्लब द्वारा पौधारोपण किया गया। मौके पर विद्यार्थियों को पौधारोपण करने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने किया। विद्यालय के के अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने बताया कि धौलरा नर्सरी से लाए गए पौधे बच्चों द्वारा स्कूल प्रांगण में व अपने घरों में लगाए गए। इको क्लब इंचार्ज राजेंद्र ने बच्चों को इको क्लब के बारे में बताया और उन्हें पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। पौधे हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं। पौधे वातावरण को शुद्ध रखते हैं। हमें अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। एनएसएस इंचार्ज ने भी बच्चों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस के बच्चों ने स्कूल व स्कूल के बाहर पौधे लगाए। अध्यापकों द्वारा पौधे लगाने में भरपूर सहयोग किया गया। इस अवसर पर मुकेश रोहिल्ला, विपिन, संत कुमार, निर्मल, दिनेश, रामपाल, जसविंदर, राजेश, राजीव, प्रवीण, मुन्ना, मीनू, रूबी, मीना, मंजू व रमेश आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** बिलासपुर में आयोजित उपमंडलस्तरीय समाधान प्रकोष्ठ में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम देवेंद्र शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

# एसडीएम ने शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं

- बिलासपुर उपमंडल प्रशासन द्वारा कस्बा में आयोजित किया उपमंडलस्तरीय समधान प्रकोष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले के बिलासपुर उपमंडल प्रशासन द्वारा मंगलवार को कस्बा में उपमंडलस्तरीय समाधान प्रकोष्ठ का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बिलासपुर के एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने की। उन्होंने शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया गया। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उपमंडल स्तर पर आम जनमानस की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से समाधान प्रकोष्ठ का आयोजन किया जा रहा है। इस समाधान प्रकोष्ठ में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जनता से सीधे रूप से जुड़कर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा रहा है। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रशासन नागरिकों की शिकायतों के समाधान की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि समाधान प्रकोष्ठ में आने वाले नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन के अधिकारी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ में ज्यादातर बुढ़ापा पेंशन व फैमिली आईडी से संबंधित 15 शिकायतें आई। जिनका मौके पर समाधान कर दिया गया।

**अभियान**

## विभाग ने शुरु किया विशेष प्रचार अभियान

**सांस्कृतिक टीम शहरी,कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के 220 गांव व वार्ड में करेगी प्रचार**

# लोक शैली में आमजन को किया जाएगा सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुक: डॉ.बसताड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित सांस्कृतिक टीम के सदस्यों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए डॉ. बसताड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में विशेष प्रचार अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया गया। इससे पहले जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में विभाग की सांस्कृतिक टीम के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताड़ा ने की। उन्होंने सांस्कृतिक टीम के सदस्यों को दिशा निर्देश दिए। अभियान का समापन 31 जुलाई को किया जाएगा। जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताड़ा ने बताया कि एक माह तक चलने वाले विशेष प्रचार अभियान में यमुनानगर जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के करीब 220 गांव व कस्बों के वार्डों को कवर किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक टीम के सदस्य आमजन को हरियाणवी लोक शैली में सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि हर रोज होने वाले जागरूकता कार्यक्रम में आमजन को हरियाणा सरकार द्वारा समय समय पर दी जाने वाली सुविधाओं,सेवाओं व योजनाओं के साथ ही जनहितकारी उपलब्धियों के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

**आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य**

जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताड़ा ने बताया कि आमजन को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं व सेवाओं की जानकारी उनके घर द्वार तक जागरूकता माध्यम से पहुंचाना ही विशेष प्रचार अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सभी भजन पार्टी यह सुनिश्चित करें कि इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान गांव में मुनादी करवाकर गांव या कस्बे व शहरों के लोगों को एक निर्धारित स्थान पर एकत्रित करके उसमें विधायक या विधायक प्रतिनिधि, पार्षद, नंबरदार, सरपंच, ग्राम सचिव के अलावा गांव व शहरों के मौजिज व्यक्तियों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम सायंकाल को कम से कम तीन घंटे तक करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है।

### सूने घर और स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने सूने घर व स्कूल को निशाना बनाकर नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया। गोल्डनपुरी बैंक कॉलोनी निवासी प्रवेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जून को वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। अगले दिन जब वह वापस घर लौटा तो ताला टूटा पड़ा था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर घर से पांच हजार रुपये, गहने, गैस सिलेंडर व अन्य सामान गायब था। उधर, गांव ससौली स्थित राजकीय हाई स्कूल की प्राचार्या सरिता ने बताया कि चोरों ने छुट्टियों में स्कूल में लगे 17 पंखे, गार्डन में लगी फैंसिंग चैन चोरी कर ली। जब वह छुट्टियां खत्म होने के बाद स्कूल में आए तो उन्हें चोरी का पता चला।

**सूचना**

मैं, योगिन्द्र नाथ पुत्र श्री जितेन्द्र नाथ निवासी मकान नंबर-सी-2/1798, राजान गली, जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर बयान करता हूं कि मेरा लड़का अमित कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने लड़के अमित कुमार को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और इससे संबंध तोड़ता हूं। आज के बाद मेरे लड़के अमित कुमार से किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### भक्तिमय प्रभातफेरी में जमकर झूमे श्रद्धालु

**पिहोवा।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के आशीर्वाद एंव पवित्र प्रेरणाओं से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में चल रही प्रभात फेरियों की श्रृंखला में गौसेवा को समर्पित आज की प्रभातफेरी वीरेन्द्र चोपड़ा परिवार की और से गुरुद्वारा रोड़ पर करवाई गई। पंडित राजेश शास्त्री द्वारा विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद गणेश वंदना से प्रभातफेरी का शुभारंभ हुआ।

### गुलजारी लाल नंदा केन्द्र में परिसंवाद कार्यक्रम 4 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नन्दा, नीतिशास्त्र-दर्शनशास्त्र केन्द्र, संग्रहालय एवं पुस्तकालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 4 जुलाई गुरुवार को श्री गुलजारी लाल नंदा जयंती समारोह के उपलक्ष्य में भारतीय समाज के नवनिर्माण में नैतिक मूल्यों का योगदान विषय पर राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस परिसंवाद कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा मुख्यातिथि होंगे, स्वामी शाश्वतानंद महाराज अपना आशीर्वचन देंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे।

### सरपंच ही गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकता है : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र।** इससे पहले कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सरपंचों को छोटा विधायक की संज्ञा देते हुए कहा कि ग्रामीण आंचल में हमारे यह पंचायत प्रतिनिधि दिन रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं। विकास कार्यों में जो गुणवत्ता सरपंच सुनिश्चित कर सकता है वह ठेकेदार नहीं कर सकता। स्थानीय विधायक होने के नाते उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि धर्म नगरी कुरुक्षेत्र की इस पावन धरा पर आप यहां पधारे हैं तो सभी तीर्थ के दर्शन अवश्य करके जाएं।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर दिया जोर

# खेती से भूमि सुधार व पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बल : नवीन





**शाहबाद।** पौधरोपण करते समाजसेवी संदीप गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### गीता विद्या मंदिर में सरकारी निर्देशानुसार पौधरोपण कार्यक्रम मनाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

सासंद नवीन जिन्दल और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. हरिओम के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात कुरूक्षेत्र में हुई। पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित सांसद नवीन जिन्दल ने डॉ. हरिओम से उनके कार्यो, सेवाओं और उपलब्धियों पर एक विस्तृत जानकारी ली। प्राकृतिक खेती के प्रति देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का भी विशेष लगाव है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की प्रेरणा से धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में लगभग 180 एकड़ में प्राकृतिक खेती की जा रही है। प्राकृतिक खेती, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को कम करती है जिससे मिट्टी, जलस्त्रोत और वायु प्रदूषण में कमी आती है। प्राकृतिक खेती मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने और बढ़ानें में मदद करती है। इससे रासायनिक अवशेष नही होने के कारण उत्पादित खाद्य पदार्थ अधिक पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। प्राकृतिक खेती के अंतर्गत महंगे रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की आवश्यकता नही होती जिसके कारण की किसानों की लागत में कमी आती है। सांसद नवीन जिन्दल ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने स्वस्थ जीवन, भूमि सुधार व पर्यावरण-संरक्षण को बल मिलेगा।

### पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति प्राणियों पर करती हैं उपकार : संदीप गर्ग

**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर में सरकारी निर्देशानुसार पौधरोपण कार्यक्रम मनाया गया। इसमें संदीप गर्ग उद्योगपति व समाजसेवी, गुलशन क्वात्रा प्रधान नगरपालिका, अमित अग्रवाल, प्रबन्धक, विद्यालय प्रबंध समिति , प्राचार्या निशा गोयल द्वारा पौधारोपण किया गया। संदीप गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर उपकार करती है। पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। अमित अग्रवाल ने कहा कि पेड़ पौधे हवा से कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं जिससे यह शुद्ध होती है और ऑक्सीजन छोड़ते हैं वृक्षों से हमें लकड़ी , भोजन ,ईंधन, कागज आदि भी प्राप्त होते हैं जो कि हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। निशा गोयल ने बताया कि पेड़ पौधे पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वह कार्बन को अलग करके जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करते हैं जिससे वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की सांद्रता कम हो जाती है पेड़ पौधे लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है इस अवसर पर विद्यार्थी उनके अभिभावक व आचार्य उपस्थित रहे ।प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया।

## सीएम ने लोगों को 200 करोड से अधिक की दी सौगात : वड़ैच



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा**

भाजपा नेता तरणदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को 100 करोड रुपए से अधिक की सौगात दी है। इससे सभी गांवों को फायदा होगा। पूर्व सरपंचों एवं गणमान्य लोगों के साथ हुई बैठक के बाद तरणदीप वड़ैच ने बताया कि सुरक्षा पेंशन योजना के नए लाभार्थियों को 22 करोड़ 59 लाख रुपए, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 15 करोड़ 9 लाख एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सौ सौवर्ग गज के लाभार्थियों को अधिकार पत्र एवं एक एक लाख की वित्तीय सहायता के पत्र सरकार की ओर से जारी किए गए हैं। वड़ैच ने कहा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं। जिसका विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। । जल्द ही पार्टी की ओर से प्रत्येक गांव में पौधारोपण अभियान शुरू किया जाएगा ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लोगों को प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सरपंच सुच्चा सिंह कंबोज, पूर्व सरपंच गुरजंट सिंह विर्क, विनोद बंसल, रघुविंद्र सिंह मोरथली, बलविंदर सिंह सैयाणा, नरेश कुमार व बलवान सिंह आदि मौजूद रहे।

### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक प्रोफेसर राम रतन शर्मा के मार्गदर्शन में डॉक्टर्स डे पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर विवेक अग्रवाल चर्म रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर प्रवीण महाजन स्त्री रोग विशेषज्ञ को चिकित्सा सेवा सम्मान एवं अंग वस्त्र पहनाकर अलंकृत किया गया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ सदस्य डॉ अनीता गोयल, नरेश सैनी, प्रवीन शर्मा निकुंज इत्यादि उपस्थित रहे। डॉ अनीता गोयल ने कहा कि चिकित्सक का कार्य रोगी को निरोगता प्रदान करना है। नरेश सैनी ने कहा कि शारीरिक कष्ट से राहत दिलवाना बहुत बड़ा सेवा कार्य है। प्रवीण शर्मा ने कहा चिकित्सक भगवान का दूसरा रुप हैं। भारतेंदु हरीश ने कहा चिकित्सा के क्षेत्र में आज जो प्रगति हो रही है वह मानव के लिए वरदान है।

## लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

- 5 वर्षो से हरियाणा सरकार मांगों की अनदेखी कर रही : पंकज
- मुख्यमंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त के नाम ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपते एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नियमितीकरण व अन्य लम्बित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बधिंत भारतीय मजदूर सघ के बैनर तले सिविल सर्जन को मुख्यमंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 17 जून 2024 को प्रदेश पदाधिकारी बैठक मे हुये निर्णय के पश्चात पूरे हरियाणा प्रदेश मे 24 जून को एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर ब्लैक रिबन लगाकर अपना विरोध प्रकट किया था एवं आगामी आन्दोलन का आगाज किया था। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज आत्रेय ने बताया कि पिछले 5 वर्षो से हरियाणा प्रदेश मे कार्यरत एनएचएम के कर्मचारियों की मांगो की अनदेखी सरकार व विभाग द्वारा की जा रही है। संगठन ने पत्राचार व बैठको के माध्यम से सरकार के सम्मुख बातें रखी जिसमे उन्होंने बताया कि एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने के लिए वर्ष 2016 में दो बार अधिकारियों के द्वारा मसौदा तैयार किया गया था जिसके सरकार के द्वारा अनदेखा किया गया है। वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के कोविड काल के दौरान किए गए कार्य को देखते हुए 7वें वेतनमान आयोग की सिफारिशे लागु करने की मंजूरी दी गई थी। जब भी एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार एंव अधिकारियों से बात करते है तो उन्हे केवल एक ही जवाब दिया जाता है कि आज तक कहीं भी एनएचएम कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है। पंकज आत्रेय ने बताया कि 8 जुलाई से 12 जुलाई तक सभी एमपी, विधायक पक्ष व प्रतिपक्ष के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। अगर फिर भी सरकार उनकी मांगो को नही मांनती है तो 14 जुलाई 2024 को एक बडी बैठक करके तुरन्त प्रभाव से आन्दोलन पर बैठने के लिये विवश होगे जिसकी पूर्णतया जिम्मेदारी सरकार व स्वास्थ्य विभाग की होगी। इस अवसर पर विकास, लोकेश, संजीव, संत सिंह, पूजा, सपना आदि मौजूद रहे।

## गणेशी लाल से मिला हरियाणा यूनिवर्सिटीज पार्ट टाइम टीचर्स एसोसिशन का शिष्टमंडल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** युवा भाजपा नेता मनीष सिंगला को ज्ञापन सौंपता शिष्टमंडल।

नव गठित संगठन हरियाणा यूनिवर्सिटीज पार्ट टाइम टीचर्स एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने सिरसा में ओडिसा के पूर्व राज्यपाल गणेशी लाल से मुलाकात की और हरियाणा के विश्व विद्यालयों में कार्य कर रहे पार्ट टाइम टीचर्स की अति गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। एसोसिएशन के सदस्यों ने ओडिसा के पूर्व राज्यपाल गणेशी लाल के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता मनीष सिंगला को मांगों का ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने बताया कि उनकी मांग है कि शिक्षकों को वार्षिक 12 महीने का नियमित और समेकित वेतन समान काम समान वेतन के आधार पर दिया जाए। इसके अलावा नौकरी की सुरक्षा की मांग की ताकि पार्ट टाइम टीचर्स का भविष्य सुरक्षित हो सके। पूर्व राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही पार्ट टाइम टीचर्स की इस कष्टकारी समस्या को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे और इसका समाधान निकाला जाएगा और अगले हफ्ते तक मुख्यमंत्री और पार्ट टाइम टीचर्स की एसोसिएशन की एक बैठक भी करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## ईएमडी सिक्योरिटी राशि समाप्त करना सराहनीय फैसला : रामकुमार मांडे

- राशि खत्म करने पर सीएम नायब सैनी का आभार जताया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** रामकुमार मांडे जानकारी देते हुए।

दि कुरुक्षेत्र डिस्ट्रिक्ट काआपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन लिमिटेड कुरुक्षेत्र के डायरेक्टर रामकुमार मांडे ने हरियाणा सरकार द्वारा ब्लाक पंचायत समिति व जिला परिषद में ईएमडी/सिक्योरिटी की राशि खत्म करने पर सीएम नायब सैनी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अब श्रम सहकारी निर्माण समितियां बिना सिक्योरिटी के टैंडर भर सकेंगी। जो कि सरकार का एक श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियों का बढावा देने वाला कदम है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सरकार की ओर से ठेकेदार को टैंडर लेने के लिए अढाई प्रतिशत सिक्योरिटी जमा करानी होती थी। इस सिक्योरिटी राशि को खत्म करवाने के लिए श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार के एसीएस से मुलाकात कर सिक्योरिटी राशि को खत्म करने की मांग की थी, जिस पर सरकार ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए ब्लाक पंचायत समितियों, जिला परिषद में ईएमडी सिक्योरिटी राशि को समाप्त कर दिया है। इस फैसले से सहकारी क्षेत्र में काम कर रही श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियों को बहुत बड़ी राहत मिली है। अब भविष्य में श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियां बेहतर ढंग से कार्य कर पाएंगी।

## शिव भक्तों का जत्था रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** जत्थे में शामिल यात्री। फोटो : हरिभूमि

स्थानेश्वर महादेव मंदिर से शिव-भक्तों का एक जत्था श्रीअमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा के संयोजक रविंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 50 से अधिक यात्रियों का एक जत्था हर वर्ष की भांति, दो बसों में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से भगवान भोले नाथ के आशीर्वाद से रवाना हुआ। स्थानेश्वर महादेव मंदिर के प्रमुख महंत बंसी पुरी के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से व समाजसेवी कृष्ण बजाज व योगेश की उपस्थिति में रवाना हुआ। स्थानेश्वर महादेव मंदिर की ओर से यह दूसरी अमरनाथ यात्रा आज रवाना हुई, जिसमें लगभग 50 शिव भक्तों का जत्था जिसमें पुरुष, महिलाएं व बच्चे सम्मिलित हैं। महंत रंगनाथपुरी द्वारा बसों को झंडी दिखाकर व नारियल तोड़कर रवाना किया गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व स्थाणु सेवा मंडल के कार्यकताअरं के सहयोग से यह यात्रा रवाना हुई। यात्रा में राजेश अरोड़ा जिला प्रचार प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद, प्रेम मदान, शम्मी खुराना दिनेश मुखी, विनोद अरोड़ा,बाबू राम शुक्ला, वीरेंद्र राणा, कुलदीप शर्मा, शिवकुमार, शशि भूषण, मनजीत वर्मा, अनीता शर्मा ,राकेश कटवाढ, नंदू राणा, सुषमा शर्मा, विनय, इशांत, दीपक, भूपेंद्र व कुणाल धमीजा इत्यादि भोले के भक्त इस यात्रा मंगलमय यात्रा के लिए रवाना हुए।

## हायर एजुकेशन एब्रॉड शाखा का हुआ लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



नए बस स्टैंड के सामने विधाता कॉम्प्लेक्स में हायर एजुकेशन एब्रॉड की शाखा का शुभारंभ श्री देवीकूप मां भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश सतपाल शर्मा व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर भीम सिंह दहिया के कर कमलो से संपन्न हुआ। इस दौरान उदयन केयर संस्था कुरुक्षेत्र से स्टाफ गीतांजलि, पूजा, कनिका, मौसमी व पूर्व शालिनी सुमिति ने रिबन कटाई में सहयोग किया। ब्रांच के अध्यक्ष विकास शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि हायर एजुकेशन एब्रॉड विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को सुविधा देने के लिए कृत संकल्प है। कानूनी वैध तरीके से विद्यार्थियों को विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना चाहिए।

## बैठक में रिटायर कर्मचारियों की मांगों के बारे में किया विचार विमर्श

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 ब्लॉक लाडवा की मासिक मीटिंग जिंदल पार्क में ब्लॉक प्रधान हजारीलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन ब्लॉक सचिव सुरेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग में ब्लॉक से संबंधित सभी विभागीय संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मीटिंग में रिटायर कर्मचारियों की मांगों समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया व संगठन की मजबूती के लिए उपस्थित पदाधिकारियों के विचार लिए गए। ब्लॉक प्रधान हजारीलाल ने हरियाणा सरकार से अपील की कि रिटायर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का समाधान हरियाणा सरकार जल्द से जल्द करें। मुख्य मांगे पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए, मेडिकल कैशलेस सुविधा पूर्ण रूप से लागू की जाए, पड़ोसी राज्य पंजाब की तर्ज पर पेंशन में समय-समय पर बढ़ोतरी की जाए। मीटिंग में तरसेम सिंह, सुरेंद्र सिंह बारवा, गजे सिंह, कृष्ण लाल, विजयपाल, बलबीर सिंह, नाथीराम, सुखदेव सिंह, बूटा सिंह, फूल सिंह, सतीश कुमार, अमृतलाल आदि पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने भाग लिया।

### राज्य सरकार सरपंचों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी : महिपाल ढांडा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय पंचायती राज एवं सरपंच सम्मलेन को संबोधित करते हुए प्रदेश के विकास एवं पंचायत पंचायत राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि आज इस राज्य स्तरीय सम्मेलन के माध्यम से सरपंचों को विकास कार्यों के लिए विभिन्न शक्तियों प्रदान की जा रही हैं। जो कठिनाइयां सरपंचों के सामने आ रही थी आज उनका समाधान यहां से होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक व्यवस्थाएं नहीं होंगी तब तक हमारे ग्राम प्रतिनिधि सही तरीके से विकास कार्यों को गति नहीं दे पाएंगे। उन्होंने सरपंचों को आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की यह समस्त टीम आने वाले दिनों में हरियाणा का नक्शा बदलने का काम करेगी और आने वाले विधान सभा चुनाव में राज्य सरकार का साथ देते हुए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## वात्सल्य वाटिका में बाल आश्रम का किया उद्घाटन

# वाटिका में पढ़ने वाले बच्चों में होता संस्कार : मदन मोहन

- गौरव चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करवाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी अमीन रोड कुरुक्षेत्र में बाल आश्रम का उद्घाटन माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मदन मोहन छाबड़ा चेयरमैन 48 कोस कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम कोका पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री रहे। विशेष आमंत्रित डॉक्टर सुरेंद्र सहाय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सतहंस एनआईटी प्रोफेसर ने की। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का परिचय और स्वागत विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने करवाया। बालघर आवासीय की भूमिका रखते हुए कृष्ण कुमार पांचाल चेयरमैन बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र ने कहा कि अन्य सामाजिक संस्था बच्चों को रखने के लिए अनाथ आश्रम का नाम देती हैं परंतु गुरुजी ने कहा कि मेरे बच्चे अनाथ नहीं है। हमारे आश्रम का नाम बाल आश्रम होगा जिसमें बच्चों के लिए संस्कार और शिक्षा दी जाएगी। हरियाणा सरकार की बाल कल्याण की सभी नीतियां वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र बालघर में लागू होगी। मंच का संचालन विद्यालय आचार्य विजयलक्ष्मी ने किया। मुख्य अतिथि मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि आज वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में बाल आश्रम आवासीय के उद्घाटन से बेसहारा बच्चों को घर मिल गया है। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों में सदैव अनुशासन, संस्कार होते हैं। बेसहारा बच्चों को आप जैसे सन्तों का साथ न मिले तो वे कहाँ जाएंगे। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी, ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल, ट्रस्ट सचिव ओमप्रकाश गेरा, कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, ट्रस्ट सदस्य राजकुमार सैनी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, डॉ कृष्ण कुमार पत्रकार ऊऊ न्यूज, राकेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग संगठन मंत्री, गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र की प्राचार्य सुमन बाला, गीता सह शिक्षा माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य राज कुमारी, सविता, डॉ एम एम सिंह, कृष्ण कुमार भण्डारी, प्रेम नारायण अवस्थी, राकेश मेहता, सूरज कमल सेठ, विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, पूर्व छात्र टीना विरेंद्र सुरेंद्र सोनू मोनू अजय ,संध्या,शीतल,सुगंध, पंकज, राकेश , विद्यालय आचार्य पूनम सलूजा, तिशू सिंगला, परविंदर कौर, सोनिया अग्रवाल, विजयलक्ष्मी और छात्र छात्राएँ मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मिड-डे मील कुक्स को 3 माह से नहीं मिला वेतन

**बराड़ा।** सरकारी विद्यालयों में कार्यरत मिड-डे मील कुक्स को तीन महीने से वेतन न मिलने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुक-हेल्पर यूनियन की ओर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। यूनियन प्रधान ममतेश चौहान ने बताया कि मार्च 2024 से वेतन मिलने के कारण कुक्स को परिवार का पालन-पोषण करने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि उनका शीघ्र ही बकाया वेतन जारी करें ताकि वे अपने कार्य को बिना किसी बाधा के जारी रख सकें।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू को काबू कर जमानत पर रिहा कर दिया है। शिकायतकर्ता हरमिंद्र सिंह ने 12 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सोनू व अन्य ने उससे लडाई-झगडा कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हमले के आरोपी को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनप्रीत को शामिल जांच किया है। शिकायतकर्ता लविश ने 20 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव सरदेहडी में आरोपी गुरविंद्र सिंह व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरध्यान सिंह को शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 6 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 जून 2016 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रिटायर्ड कर्मियों की मांगों पर विचार करे सरकार

**बराडा।** हरियाणा पैंशनर्स वैल्फेयर सोसायटी की बैठक प्रधान बृजमोहन गोयल की अध्यक्षता में लाला लाजपतराय भवन में हुई। इसमें पेंशनर्स ने अपनी चिर लंबित पड़ी मांगों को लेकर चर्चा की और सरकार से आग्रह किया कि पेंशनर्स ने कैशलेस चिकित्सा हेतू कार्ड जनरेट करने की प्रक्रिया जारी करने, 65, 70 और 75 वर्ष की उम्र पूरी होने वाली मूल पेंशन में क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत की वृद्धि करने, मेडिकल भत्ता तीन हजार प्रति माह देने, एलटीसी की सुविधा परिवारिक पेंशनर्स को देने पर विचार किया जाए। इस मौके पर गोपी चंद छाबड़ा, ओमपाल सैनी, मदन पाल धीमान, रमेश लांबा, ओम प्रकाश लाम्बा, नरेश शर्मा, अनवर व रशीद आदि मौजूद रहे।

### होटल में काम करने वाली युवती लापता

**बराडा।** राजा गार्डन कॉलोनी की रहने वाली एक युवती के लापता होने का केस दर्ज किया है। युवती के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी लड़की ब्रिस्टो होटल में काम करती थी। उनकी लड़की 30 जून से लापता है। आखिर बार उसे सुबह 11 बजे अपनी दादी से फोन पर बात करते हुए सुना गया था। दादी ने लड़की से बात की और उसे घर आने के लिए कहा लेकिन होटल के कर्मचारी ने बताया कि वह 2 घंटे की छुट्टी पर गई है। शाम को 3 बजे फिर से बात हुई लेकिन कर्मचारी ने लड़की को घर नहीं भेजा। रात 8:30 बजे कर्मचारी ने बताया कि वह 7:30 बजे होटल से छुट्टी करके चली गई थी। परिवार के सदस्यों ने उसको आसपास के क्षेत्रों में तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वे इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**शंभू बॉर्डर बंद होने से तबाह हो गया कारोबार कई मार्केट के दुकानदार बंद करने के कगार पर**

## व्यापारिक संगठनों के अंबाला बंद को कांग्रेस का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू बार्डर को खुलवाने के लिए विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा दी गई बंद के आह्वान को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है। कांग्रेस नेता पूर्व विधायक जसबीर मलौर, हिम्मत सिंह, डिप्टी मेयर राजेश मेहता , अमीषा चावला, निगम सदस्य जसबीर सिंह, राकेश सिंगला, पार्षद पति इशू गोयल ने कहा हरियाणा पंजाब का भाईचारा बचाना जरूरी है। किसान 5 महीने से बार्डर पर अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए बैठे हैं। कई किसानों की मौत हो चुकी है, लेकिन सरकार उनकी कोई बात नहीं सुन रही। दूसरी तरफ बॉर्डर बंद होने का असर व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों पर पड़ रहा है। किसानों व व्यापारियों की दिक्कत के मद्देनजर कांग्रेस ने व्यापारियों व किसानों को समर्थन दिया है। दोनों की मांग सरकार को सुननी चाहिए। इतना ही नहीं मिक्सी उद्योग,साइंस उद्योग व सब्जी मंडी,गुड़ मंडी,कोतवाली बाजार, पटेल रोड और कई छोटे व बड़े बाजारों को भी इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। अंबाला पहले से ही मंदी व नुकसान की मार झेल रहा है। अब सरकार की एक और वजह के कारण नुकसान झेल रहा है। उन्होंने कहा हरियाणा पंजाब पर स्थित शंभू बार्डर को खुलवाने का काम किया जाएगा। साथ ही व्यापारियों व किसानों को बचाने का काम किया जाएगा।

**किसान-व्यापारियों की लड़ाई में साथ है कांग्रेस**

उन्होंने कहा कांग्रेस ने हमेशा किसान व व्यापारियों के हितों की रक्षा की लड़ाई लड़ी है। वे इस लड़ाई में इनके साथ खड़े हैं। इस मामले को लेकर सांसद वरुण चौधरी से भी आग्रह किया गया है कि वे इस मामले को संसद में उठाने का काम करें। सभी बाजारों व ट्रांसपोर्टरों पर इसका असर पड़ रहा है। होलसेल कपड़ा मार्केट समेत कई मार्केट बंद की कगार पर है। इनके सामने व्यापार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। अगर बॉर्डर न खुला तो अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा व मनियारी मार्केट बंद हो जाएगी जिससे व्यापारियों को तो नुकसान होगा ही रोजगार का संकट भी युवाओं के सामने खड़ा हो जाएगा। यह बाजार युवाओं को सालों से रोजगार देते आ रहे है लेकिन आज यह बाजार खुद संकट में खड़े है।

---

**बॉर्डर बंद होने से अलगाववादी ताकतों पर भी साजिश रचने के आरोप**

## शंभू बॉर्डर को खुलवाने की मांग, भाजपा के मनोनीत सदस्य ने गृहमंत्री को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा नेता एवं मनोनीत निगम सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर पंजाब की ओर बैठे किसानों के धरने से उत्पन्न हो रही कानून व्यवस्था की स्थिति, बिगड़ती आर्थिक व्यवस्था और राष्ट्रीय राजमार्ग को खुलवाने को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है। पत्र में सचदेवा ने कहा कि वह जनता पार्टी का एक कर्मठ, समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता है। पत्र में उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के नाते यह प्रार्थना चाहता हूं कि विपक्ष एवं अन्य शक्तियों द्वारा हमारे किसान भाइयों के बीच भ्रम की स्थिति जिस प्रकार से फैलाई गई जिसके चलते वह राष्ट्रीय राजमार्ग 44 को अंबाला के ही नजदीक शंभू बॉर्डर पर रोक कर बैठे हैं। लगभग 4 महीने से चल रही इस रोक के कारण यातायात के साथ-साथ अंबाला शहर का व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

अंबाला के कपड़े मिक्सी व अन्य सामानों के होलसेल मार्केट के रूप में उत्तर भारत का एक बहुत बड़ा खरीदारी का केंद्र है! यहां से पंजाब हिमाचल और जम्मू कश्मीर तक से लोग खरीदारी करने आते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के अवरुद्ध हो जाने के कारण व्यापार पर तो बुरा असर पड़ ही रहा है इसके साथ-साथ अब जिस प्रकार से पंजाब की ओर से आने वाले अंबाला के नजदीक लगते गांवों में भी इस अवरोधन को लेकर एक बहुत ही तनाव की स्थिति पैदा होती जा रही है। इस धरने के चलते ग्रामीणों, व्यापारियों और किसानों के बीच में टकराव की स्थिति तो पैदा हो ही सकती है साथ ही साथ देश में फैली आतंकवादी और अलगाववादी ताकतें भी इस स्थिती का फायदा उठा सकती हैं।

**व्यापारियों को हो रहा नुकसान**

उन्होंने कहा कि शंभू बॉर्डर के पास लगते लगभग 100 पंजाब के गांव अपनी खरीदारी, डॉक्टरी इलाज के लिए तो अंबाला जैसे शहर पर आश्रित है ही साथ ही साथ अंबाला जिले में उनके रोटी बेटी के संबंध है। यहां का व्यापारी वर्ग तो इससे व्यापार में हो रहे इस बड़े नुकसान से दुखी है, परंतु अब देखने में यह आ रहा है कि पंजाब और हरियाणा दोनों ही ओर से ग्रामीण भी अब इस राष्ट्रीय राजमार्ग के रोकने वाले धरने से त्रस्त हो चुके हैं। ऐसे में सोशल मीडिया और वीडियो के जरिए कई ग्रामीण राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरोध करने वाले दोनों संगठनों के प्रधानों को प्रार्थना के साथ-साथ अल्टीमेटम भी दे रहे हैं। पंजाब की ज्यादातर किसान जत्थेबंदिया अभी भी इस आंदोलन से दूरी बनाए हुए हैं, बावजूद इसके जो संगठन मार्ग को अवरोध कर कर बैठे हैं। उन्होंने व्यापारियों और समस्त अंबाला वासियों की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग को खुलवाकर किसान संगठनों से बात करके इस मामले और उनकी मांगों पर शीघ्र अति शीघ्र किसी नतीजे पर पहुंच जाए। यदि इसमें लंबा समय लगने की आशा है तो किसानो को धरने के लिए कोई अन्य स्थान दिया जाए।

---

कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 52 को मौके पर ही निपटाया

## समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का किया जा रहा निदानः डॉ. शालीन



अंबाला। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी व अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में लोग अपनी पीपीपी आईडी, प्रॉपटी आईडी व समाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी समस्याएं लेकर आ रहे हैं।

बता दें कि मंगलवार को डीसी कोर्ट रूम अंबाला में डीसी डॉ. शालीन की अध्यक्षता में समाधान शिविर लगाया गया। डीसी ने समाधान शिविर मे आए लोगों की समस्याओं को ध्यान को सुना और ज्यादातर लोगों की समस्याओं को मौक पर ही समाधान करवाया।

मंगलवार को जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 52 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया और शेष शिकायतों को जल्द निपटान हेतू संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। समाधान शिविर में आए मोती नगर के रविंद्र सिंह तथा उनकी पत्नी कैलाश कौर ने बताया कि उन्हें समाधान शिविर के बारे अपने पड़ोसी से जानकारी मिली। वे अपनी वृद्धवस्था पेंशन लगवाने को लेकर समाधान शिविर में आए थे। यहां डीसी ने उनकी समस्या को ध्यान से सुना व उसी समय सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारी से दोनों की वृद्धवस्था पेंशन लगवाने के निर्देश दिए। गांव नन्यौला से आए सुखबीर सिंह ने समाधान शिविर में राशन कार्ड से संबंधित अपनी समस्या को रखा। उनकी समस्या का शिविर में समाधान होने पर उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन का धन्यवाद किया।इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एएसपी श्रृष्टि गुप्ता, एसडीएम दर्शन कुमार, नगर निगम संयुक्त आयुक्त अदिति, सीटीएम विश्वजीत सिंह, डीएसपी रमेश कुमार भी मौजूद रहे।

---

## मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को आदेश

- उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा लोकसभा की भांति आगामी विधानसभा चुनाव में भी निभाएं अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने मंगलवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हाउस टू हाउस सर्वे व बूथ रेजनलाइजेशन को लेकर बूथ सुपरवाइजरों के साथ बैठक की। साथ ही सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। डॉ. शालीन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं की सहुलियत को लेकर जिले में बीएलओज द्वारा मतदाताओं की नए वोट बनाने व मतदाता सूची मे आई त्रुटि को ठीक करने व एएसडी (एबसेंट/ सिफ्टिंग/ डेथ) वोटर को मतदाता सूचि से हटाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ लोकसभा चुनाव की तरह पूरी कर्मठता व तत्तपरता से कार्य कर आगामी विधानसभा चुनाव मे भी अपनी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ भौतिक रूप से हाउस टू हाउस जाकर सर्वे करें। उन्होंने बूथ सुपरवाईजर को निर्देश दिए कि सभी बीएलओज घर-घर जाकर सर्वे करवाना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा सभी बीएलओज पूरी जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करे और घर-घर जाकर वेरिफिकेशन के कार्य को करें। मतदाता सूची अनुसार एबसेंट, सिफिटंग व डेथ केस को चेक करें और साथ के साथ फॉर्म द्वारा डाटा अपडेट करे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सविधा के लिए अगर किसी बूथ पर वोटर संख्या, निर्धारित कि गई वोटर संख्या से अधिक हो तो बूथ रेजनलाइजेशन के तहत उसे कम करवाना सुनिश्चित करें।

---



अंबाला। सरकार की नीतियों का प्रचार करते भजन मंडलियां।

## विशेष प्रचार अभियान में दी योजनाओं की जानकारी

- भजन पार्टी तथा ड्रामा पार्टी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर सरकार के जनहितैषी कार्यों का किया बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पक्के मकान बनवाते है हर घर जल पहुचाते है, गरीबों का साथ निभाते हैं, ऐसे है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी । छह हजार किसान के खाते में अब फसल न बिकती घाटे में, किसान केृडिट कार्ड बनाते है ऐसे है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी । गीतों के माध्यम से भजन पार्टी सदस्यों ने प्रचार अभियान के दौरान गांव सौंतली, मोखा माजरा, जलबेड़ा, भानोखेड़ी में सरकारी की योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है। बता दें कि सूचना जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की तरफ से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान शुरू किया गया है। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान जिला के सभी गांवों और शहरों के वार्डों को कवर किया जाएगा। इस जिले में विभागीय, नियमित और सूचीबद्ध ड्रामा पार्टियां कार्यक्रम देगीं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों को नागरिकों के समक्ष बताया जा रहा हैं। गांव मौखा माजरा में आयोजित कार्यक्रम में लव कुमार एंड पार्टी ने, गांव सौंतली में भजन पार्टी लीडर राजकरण एंड पार्टी ने, गांव जलबेड़ा में सुखविंद्र सिंह एंड पार्टी ने प्रचार के दौरान गीतों भजनों के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। भजन पार्टी द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम से ग्रामवासियों को जहां सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी मिली, वहीं गीतों, भजनों के माध्यम से उनका मनोरंजन भी हुआ। इसी प्रकार गांव बोह में प्राईवेट ड्रामा पार्टी द्वारा लघु नाटिका के द्वारा किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, दयालु योजना, महाग्राम योजना तथा हैप्पी कार्ड योजनाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। लव कुमार ने प्रचार के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 1 लाख 80 हजार रुपए तक वार्षिक आय वाले गरीब परिवारों को 50 हजार की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार देगी।

---

## अन्नपूर्णा दिवस पर भोजन सेवा से हुई नए रोटरी वर्ष की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब ने अपने नए रोटरी वर्ष 2024 की शुरुआत अन्नपूर्णा दिवस पर सरस्वती नगर स्थित आश्रम में रात्रि भोजन सेवा के साथ की। क्लब के सभी सदस्यों ने आश्रम में रह रहे लगभग 180 लोगों को रात्रि भोजन करवाया। क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष उनकी टीम कई महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों पर ध्यान देगी। इनमें ब्लड डोनेशन कैंप, सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधरोपण, एनीमिया की रोकथाम, सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूकता अभियान और नेत्र जांच शिविर शामिल हैं। क्लब के संयोजक राजकुमार सांगवान ने कहा कि युवाओं को क्लब का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रघुवीर सिंह, रमेश सांगवान, हरपाल सिंह, निवेदिता भारद्वाज, राजमोहन, इंद्रजीत सिंह, राकेश बेनीवाल, राजेश धीमान आदि मौजूद रहे। रोटरी क्लब बराड़ा के इस सामाजिक और सेवाभावी कार्य की सभी ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यों को जारी रखने की उम्मीद जताई।

---

### एसपी ने नए कानूनों बारे किया जागरूक

- आमजन में जागरूकता लाना जरूरी है ताकि कानूनों में बदलावों की जानकारी हो

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक ने तीन नए कानूनों बारे बताया कि 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नए अपराधिक कानूनों को लेकर आमजन में जागरूकता लाने के लिए पुलिस की विभिन्न टीमों ने अपने अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित है। इस दौरान लोगों को तीन नए कानूनों बारे जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन नए अपराधिक कानूनों की जानकारी देकर आमजन में जागरूकता लाना अत्यन्त आवश्यक है ताकि लोग नए काननों में हुए बदलावों तथा इसके लाभ के बारे जानकारी प्राप्त कर सके।

---

## नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे पुलिस

- प्रत्येक व्यक्ति को नशे के खिलाफ शपथ लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नशे के खिलाफ जनता को जागरुक करने के लिए इनेलो कार्यकर्ताओं की मीटिंग इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह के कार्यालय मे संपन्न हुई। इस अवसर पर ओंकार सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के सफलता के लिए जरूरी है कि प्रत्येक जागरूक नागरिक इस अभियान का सदस्य बने। सभी कार्यकर्ताओं को पुरी जिम्मेवारी से नशे के खिलाफ अभियां चलाना चाहिए ताकि इस समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके। घर-घर मे दारू बिक रही है। नशे के अनेक साधन बिक रहे हैं । बनारसी दास मिल के पीछे की कई कॉलोनियों मे चिट्टा सहित कई प्रकार का नशा बिक रहा है। नशा विक्रेता बेखौफ हैं। नशे के कारण ही हमारी पूरी पीढ़ी खतरे में है ।अगर नशे के खिलाफ हमने अभियान न चलाया तो हमें आने वाली पीड़ियाँ कभी माफ नही करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने क्षेत्र में चल रहे अवैध नशा बिक्री के कार्यों से प्रशासन को अवगत करवाएं ताकि नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। प्रशासन से अपील करते हुए नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं और नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना की जाए।

---

### शब्द भंडार शक्ति में आई गिरावट, कई शब्द लुप्त

**बराडा।** संत मोहन सिंह खालसा गर्ल्स लबाना कॉलेज की प्रोफेसर व पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ दलजीत कौर ने कलम फाउंडेशन ऑफ़ नॉर्थ अमेरिका द्वारा आयोजित आठवीं विश्व पंजाबी कांफ्रेंस में हिस्सा लिया। इसका विषय 'संचार क्रांति दे युग विच पंजाबीयत नू चुनौतियां' था। इस अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रोफेसर डॉ. दलजीत कौर ने अपने शोध पत्र का वाचन किया। कौर ने अपने शोध पत्र में बताया कि संचार मानवीय रिश्तों में एक अनिवार्य तत्व है। संचार के माध्यम से लोग एक दूसरे के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं तथा एक दूसरे के दृष्टिकोण, व्यवहार और समझ को प्रभावित करते हैं। संचार के माध्यम से निर्णय उन लोगों तक पहुँचाए जा सकते हैं जो उन्हें क्रियान्वित करने में शामिल हैं।

---

**आयोजन** | नए कानूनों को लेकर आर्य गर्ल्स कॉलेज में वर्कशॉप का हुआ आयोजन

## अलगाववाद पैदा करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




लागू हुए नए कानूनों की जानकारी देते प्रिंसिपल डॉ. अनुपमा आर्य।

अंबाला छावनी के आर्य गर्ल्स कॉलेज के लीगल लिटरेसी सैल द्वारा 'संशोधित अपराधिक कानूनों' विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप करवाने का मुख्य उद्देश्य नव संशोधित कानूनों के प्रति जागरूकता लाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. अमनीत कौर ने बताया कि अपराधिक कानूनों का संशोधन करना के मुख्य उद्देश्य अंग्रेजों के समय से चले आ रहे कानूनों में समय के अनुसार परिवर्तन, जल्द से जल्द निर्धारित समय में मामलों का समापन, न्यायपालिका की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए बहुत सारे प्रावधानों को लागू किया गया है। इसके साथ-साथ बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कानूनों का अपनाया भी गया है। उन्होंने बताया कि कि संशोधित अपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता, 1 जुलाई, 2024 से पूरे देश में लागू हो गए हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने कहा कि इन कानूनों के माध्यम से समाज और देश में न्याय का संचार होगा। उन्होंने कहा कि देश की न्यायपालिका एवं न्याय व्यवस्था देश के विकास का आधार स्तम्भ है।इस कार्यक्रम का सफल आयोजन लीग्ल लिटरेसी सैल की इंचार्ज डॉ. सिल्वी अग्रवाल और डॉ. रेखा वासु की देखरेख में हुआ। इस कार्यक्रम में टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**नए कानूनों की जानकारी दी**

उन्होंने बताया कि इन कानूनों के अंतर्गत देश में अलगवाद की भावना पैदा करने वालों के खिलाफ और देश की एकता और अखंडता को भंग करने वालों के खिलाफ सख्त करवाई होगी, ई.-एफ.आई.आर. का प्रावधान भी किया गया है। अपराधिक घटनाओं में फॉरेंसिक टीम की जांच अनिवार्य, डिजिटल साक्ष्य भी एविडेंस माने जाएंगे। न्यायपालिका निर्धारित समय में मामलों की जांच एवं कार्रवाई करेगी ताकि ज्यादा लंबित मामले न हो और समय रहते सभी को न्याय मिले। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त प्रावधान बनाए गए हैं।